अमर उजाला

7 राज्य 19 संस्करण

हरियाणा | दिल्ली | चंडीगढ़ | पंजाब | उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर

वर्ष 12 अंक 143 पृष्ठ : 20 मूल्य : ₹ 4.00

SPORTS special 19

बंगलूरू टेस्ट वर्षा की भेंट चढ़ा

किसी के डीएनए में ताकत नहीं कि फटकार लगा सके...18

कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश हुआ चेतिया...18

गृह मंत्री राजनाथ सिंह चीन के छह दिन के दौरे पर रवाना...14

न्यूज डायरी

अशोक सिंहल पंचतत्व में विलीन

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद के नेता अशोक सिंहल का पार्थिव शरीर बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया।

उनका अंतिम संस्कार दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। सिंहल के भतीजे सलिल सिंहल ने उन्हें पूरे विधि-विधान के साथ मुखाग्नि दी। विस्तृत पेज 18 पर

धारचूला में भूकंप का झटका

धारचूला (पिथौरागढ़)। बुधवार को दोपहर करीब 1:55 बजे यहां भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप का झटका आते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण रिक्टर पैमाने पर यह रिकार्ड नहीं हो सका। एसडीएम पारितोष वर्मा ने बताया कि भूकंप का हल्का झटका आया था। इससे किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। बार-बार आ रहे भूकंप के झटकों से लोग दहशत में हैं। ब्यूरो

जस्टिस ठाकुर तीन को लेंगे सीजेआई की शपथ

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति तीरथ सिंह ठाकुर को भारत का अगला प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त कर दिया गया।

वह तीन दिसंबर को पद की शपथ लेंगे। 63 वर्षीय न्यायमूर्ति ठाकुर दो दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले न्यायमूर्ति एचएल दत्तू का स्थान लेंगे।

दबाव में कांग्रेस ने जारी किया सीएम की संपत्ति का ब्योरा

सीएम ढाई करोड़ के मालिक, 50 लाख के कर्जदार

अमर उजाला ब्यूरो

- मुख्यमंत्री की पत्नी रेणुका रावत के पास है करीब तीन करोड़ रुपये की संपत्ति
- सीएम के पास एक भी वाहन नहीं, पत्नी के पास मर्सिडीज समेत दो गाड़ियां
- पत्नी के पास है दिल्ली में एक पेट्रोल पंप, 1.46 करोड़ का कर्ज

देहरादून। कांग्रेस ने आखिरकार बुधवार को मुख्यमंत्री हरीश रावत और उनकी पत्नी रेणुका रावत की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर दिया। ब्योरे से साफ है कि मुख्यमंत्री के मुकाबले उनकी पत्नी के पास ज्यादा संपत्ति है। यही नहीं, मुख्यमंत्री के पास अपना कोई निजी वाहन नहीं है, जबकि उनकी पत्नी रेणुका रावत के पास मर्सिडीज समेत दो गाड़ियां हैं। अचल संपत्ति के नाम पर सीएम के पास गाजियाबाद में एक प्लाट और भिकियासैंण में पुश्तैनी जायदाद है। इस तरह सीएम की कुल संपत्ति करीब दो करोड़ 39 लाख रुपये की है। उनकी पत्नी के पास अचल संपत्ति के तौर पर दिल्ली में एक पेट्रोल पंप है और वे करीब तीन करोड़ की मालकिन है।

बुधवार को कांग्रेस भवन में मीडिया से मुखातिब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने मुख्यमंत्री की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अन्य नेताओं का ब्योरा भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को मिला है। कांग्रेस सिलसिलेवार यह ब्योरा जारी करेगी।

बता दें कि कांग्रेस ने गैरसैंण सत्र से करीब एक माह पहले कांग्रेस नेताओं की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का एलान किया था। उस समय किशोर उपाध्याय का कहना था कि मुख्यमंत्री समेत अन्य नेताओं को इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। लेकिन मुख्यमंत्री हरीश रावत के हस्तक्षेप के बाद यह समय एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया। शेष, संबंधित पेज 14 पर

मुख्यमंत्री हरीश रावत की संपत्ति

चल संपत्ति
- दो सोने और एक चांदी की अंगूठी : 50,000 रुपये
- बैंक में एफडीआरः 1,42,48,951
- बैंक बचत- 15,573
- चालू खाते में धनराशि-3,18,823
- राष्ट्रीय बचत पत्र-6 लाख
- तीन बीमा पॉलिसी: 12 लाख रुपये

अचल संपत्ति
- अल्मोड़ा में दो कमरों का पैतृक निवास (कीमत दो लाख रुपये)
- भिकियासैंण में 2.668 कृषि भूमि- (कीमत 29 लाख रुपये)
- भिकियासैंण में 0.378 कृषि भूमि- (कीमत चार लाख रुपये)
- इंदिरापुरम, गाजियाबाद में 3129.30 वर्ग फीट भूमि (कीमत 40 लाख)

कुल कर्जः स्टेट बैंक, संसद भवन से 50,20,034 रुपये का कर्ज

पत्नी रेणुका रावत की संपत्ति

- **चल संपत्ति/दो वाहन :** एक मर्सीडीज, एक फारच्यूनर (51 लाख रुपये)
- **गहने :** 5 लाख रुपये/
- **बैंक जमा :** 22,42,011 रुपये
- **राष्ट्रीय बचत पत्र:** एक लाख रुपये
- **पांच बीमा पॉलिसी:** 18,50,000
- **दिल्ली मुकंदपुर चौक में चौधरी पेट्रोल पंप:** 2,07,83066 रुपये
- **कर्ज :** पेट्रोल पंप के लिए कर्ज आदि-1,32,19,227 रुपये
- **वाहन** पर लिए गए ऋण की शेष अदायगी-14,73,903

छह और स्मार्ट सिटी

गढ़वाल और कुमाऊं में तीन-तीन शहरों का चयन

अनिल चन्दोला

एक्सक्लूसिव अमर उजाला

देहरादून। प्रदेश में देहरादून के साथ ही छह अन्य शहरों के स्मार्ट बनने का रास्ता साफ हो गया है। छह में से चार शहरों के लिए जमीन भी चिह्नित कर ली गई है। सभी छह शहर नए स्थानों पर बसाए जाएंगे। हालांकि, पुराने बसे शहरों में सुविधा बढ़ाने पर भी जोर रहेगा। इसके लिए गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में तीन-तीन शहरों का चयन कर लिया गया है। गढ़वाल मंडल में दून, उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़, चमोली के गैरसैंण और कुमाऊं मंडल में ऊ धमसिंह नगर के रुद्रपुर, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा के जागेश्वर चिह्नित किए गए हैं।

उत्तराखंड आवास एवं नगरीय विकास प्राधिकरण (उडा) के अनुसार राज्य सरकार की ओर से फिलहाल केवल छह शहरों को विकसित करने की दिशा में काम चल रहा है। इन शहरों के लिए अगले 10 से 15 वर्षों की परियोजना तैयार की जाएगी। राज्य सरकार अपने संसाधनों से इन शहरों को विकसित करेगी। वहीं, केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी योजना के लिए पहले चरण में प्रदेश से देहरादून का चयन किया गया है। पहले चरण में विकसित होने वाले 20 शहरों का चयन अब होना है। इसे लेकर इन दिनों स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट (एससीपी) तैयार किया जा रहा है।

- गढ़वाल मंडल में दून, चिन्यालीसौड़ और गैरसैंण बनेंगे स्मार्ट
- कुमाऊं में रुद्रपुर, पिथौरागढ़ और जागेश्वर का चयन

किस जिले में कहां भूमि का चयन

देहरादून में टी स्टेट, गैरसैंण में पशुपालन विभाग, जागेश्वर में उद्यान विभाग और रुद्रपुर में आंचल फार्म की जमीन चिह्नित हुई है। चिन्यालीसौड़ और पिथौरागढ़ में जमीन चिह्नित करने की कार्रवाई चल रही है।

> पुराने बसे हुए शहर नियोजित तरीके से नहीं बसाए गए हैं। नए स्मार्ट शहर पूरी प्लानिंग के साथ बसाए जाएंगे। साथ ही पुराने बसे शहरों में भी सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।
> - आर मीनाक्षी सुंदरम, मुख्य प्रशासक, उडा

26/11 मुंबई हमले का आरोपी बनेगा हेडली

मुंबई(ब्यूरो)। पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली को 26/11 को मुंबई पर हुए आतंकवादी हमलों में आरोपी बनाया जाएगा।

मुंबई की एक सत्र अदालत ने हेडली को आरोपी बनाने की मुंबई पुलिस की याचिका बुधवार को मंजूर कर ली है। अदालत ने हेडली को 10 दिसंबर को अमेरिका से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट के इस फैसले से हेडली की गवाही दिलाने के प्रयास में जुटी मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

डेविड हेडली पाकिस्तानी मूल का अमेरिकी नागरिक है। फिलहाल वह अमेरिका की जेल में बंद है। मुंबई पुलिस ने आठ अक्तूबर को न्यायाधीश जेए सानप की अदालत में 2008 में 26/11 को हुए आतंकी हमले में उसे आरोपी बनाने की याचिका दायर की थी। ...शेष पेज 14

पेरिस हमलों का मास्टरमाइंड मारा गया, सात गिरफ्तार

पेरिस/नई दिल्ली (एजेंसी)। फ्रांस में आतंकियों की तलाश में मारे गए एक छापे के दौरान पेरिस हमलों का मास्टरमाइंड अब्देलहमीद अबाउद मारा गया जबकि एक महिला फिदायीन ने खुद को विस्फोट कर उड़ा लिया। यूरोप के दो इंटेलीजेंस अफसरों के हवाले से वाशिंगटन पोस्ट ने अबाउद के इस छापे में मारे जाने की खबर दी है हालांकि फ्रांस की पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इससे पहले भारत में फ्रांस के राजदूत ने एक न्यूज चैनल के साथ बातचीत में अबाउद की मौत की जानकारी दी थी। आतंकियों के साथ अपार्टमेंट में सात घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ऑपरेशन के दौरान पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। अपार्टमेंट में मौजूद जिहादी पेरिस के बिजनेस डिस्ट्रिक्ट ला डिफेंस पर हमले की साजिश रच रहे थे।

बुधवार तड़के गोलियों की तड़तड़ाहट के साथ आर्मी कमांडो और पुलिस ने पेरिस हमलों के मास्टरमाइंड बेल्जियम निवासी अब्देलहमीद अबाउद को पकड़ने के इरादे से ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस ने अबाउद की मौजूदगी का सुराग मिलने के बाद उपनगरीय इलाके सेंट डेनिस में सबसे पहले इलाका खाली कराया गया फिर कार्रवाई शुरू हुई। पुलिस के अपार्टमेंट में पहुंचते ही सबसे पहले महिला ने एके-47 से गोलियां चलाईं और फिर विस्फोट से खुद को उड़ा लिया। ...शेष पेज 14 संबंधित पेज 18

पेरिस के उपनगरीय इलाके में एक अपार्टमेंट्स में आतंकवादियों को घेरते फ्रांसीसी पुलिसकर्मी।

- महिला फिदायीन ने खुद को उड़ाया
- वाशिंगटन पोस्ट ने अफसरों के हवाले से पेरिस हमलों के मास्टरमाइंड अबाउद के मारे जाने की पुष्टि की

आईएस को बरबाद करके दम लूंगा : ओलांद

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने कहा है कि वह आईएस को नेस्तनाबूद करके दम लेंगे। उन्होंने कहा कि फ्रांस इस कथित इस्लामिक स्टेट संगठन को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। ओलांद ने कहा कि वह पेरिस में इमरजेंसी को तीन महीने तक बढ़ाने के लिए एक बिल लाएंगे और आतंक से लड़ने के लिए संविधान में संशोधन का सुझाव देंगे। उन्होंने फ्रांस के लोगों से निडर होने की अपील की और कहा कि वे जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया न करें।

आईएस के खिलाफ देशभर में सड़क पर उतरे मुसलमान

नई दिल्ली (ब्यूरो)। पेरिस में आतंकी हमले और इस्लामिक स्टेट (आईएस) की दहशतगर्दी के खिलाफ हिंदुस्तान के मुसलमानों ने बुधवार को जंतर-मंतर पर मुहिम की शुरुआत की। इसकी अगुवाई जमीयत उलेमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना सैयद महमूद असद मदनी ने की। जामा मसजिद के इमाम सैयद अहमद बुखारी समेत दूसरे धर्मगुरु भी मुहिम का समर्थन करने जंतर-मंतर पहुंचे। पूरे प्रदर्शन में 'आईएसआईएस का जो यार है, वह इस्लाम का गद्दार है' का नारा गूंजता रहा। वहीं, देश के 75 स्थानों पर भी ...शेष पेज 14

जयपुर में बुधवार को आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन करते जमीयत उलेमा-ए-हिंद के कार्यकर्ता।

इंदिरा अम्मा कैंटीन में आज से सस्ता भोजन

देहरादून (ब्यूरो)। प्रदेश के सभी जिलों में बृहस्पतिवार से लोगों को इंदिरा अम्मा कैंटीन में 20 रुपये प्रति थाली की दर से सस्ता भोजन मिलने लगेगा। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती (19 नवंबर) पर देहरादून समेत सभी जिलों में इंदिरा अम्मा कैंटीनों का लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मंत्रिमंडल के सदस्यों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। हरिद्वार में इंदिरा हृदयेश, टिहरी और उत्तरकाशी में डॉ. हरक सिंह रावत, नैनीताल में यशपाल आर्य, ऊधमसिंह नगर में मंत्री प्रसाद नैथानी, पिथौरागढ़, चंपावत में हरीशचंद्र दुर्गापाल, रुद्रप्रयाग,चमोली में प्रीतम सिंह पंवार, अल्मोड़ा में सुरेंद्र सिंह नेगी कैंटीन का लोकार्पण करेंगे। संबंधित भीतर

नंधौर सेंक्चुरी में मिला वृक्षों का 'राजा'

अधिकारियों का दावा, तराई का सबसे मोटा पेड़

अमर उजाला ब्यूरो

हल्द्वानी। जंगल के राजा बाघ समेत अन्य वन्यजीवों के लिए विख्यात नंधौर सेंक्चुरी में अब वृक्षों का राजा मिलने का वन विभाग ने दावा किया है। हाल में गश्त के लिए गई वन विभाग की टीम को सेमल का यह वृक्ष दिखा है। इसके बाद डीएफओ समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने वृक्ष की नापजोख की है। इस वृक्ष की गोलाई मापी गई तो यह करीब 54 फीट निकली।

तराई का जंगल बाघ, हाथी से लेकर वनस्पतियों के लिए जाना जाता है। मानवीय गतिविधियां कम होने के कारण अभी तक इसके बड़े इलाके को प्राकृतिक स्वरूप बरकरार है। जो वनस्पतिया दूसरे इलाकों से लुप्त हो चुके हैं, वह नंधौर सेंक्चुरी में मिल जाते हैं। अब इसी जंगल में गोलाई में तराई का सबसे बड़ा वृक्ष मिलने का दावा वनाधिकारियों ने किया है। उप निदेशक प्रकाश आर्य ने बताया कि सेंक्चुरी की जौलासाल रेंज के घने जंगल में धर्म प्रकाश और त्रिलोक सिंह के निर्देशन में गई टीम को भिरगोत में कंपार्टमेंट संख्या 25 में सेमल का महावृक्ष दिखाई दिया है। टीम ने इस वृक्ष और उसकी जीपीएस लोकेशन को उच्चाधिकारियों को बताया। इसके बाद निदेशक और डीएफओ डा. चंद्रशेखर सनवाल के निर्देशन में टीम जंगल में पहुंची। इस पेड़ की गोलाई नापी गई जो कि करीब 54 फीट है जबकि लंबाई भी करीब 120 फीट है। ...शेष पेज 14

अजूबा

- 54 फीट है इस सेमल के महावृक्ष की गोलाई
- पेड़ के 200 साल पुराना होने का अनुमान

amarujala.com अमर उजाला
अमर उजाला चमकेगी किस्मत
दिनांकः 19.11.2015
कूपन सं: 57

"Amar Ujala Publications Limited proposes, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make a public issue of its equity shares and has filed a draft red herring prospectus ("DRHP") with the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"). The DRHP is available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in as well as on the website of the book running lead managers at www.axiscapital.co.in and www.idfccapital.com. Investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see the section titled "Risk Factors" of the offer documents. Investors should not rely on the DRHP in respect of their investment decision."

मित्तल टीएमटी सरिया
आज का भाव
4 सूत - 3160 प्रति कुन्तल
3 सूत - 3210 प्रति कुन्तल
2½ सूत - 3380 प्रति कुन्तल
भाव बढ़ने से पहले बुक करायें।
जागो ग्राहक जागो
For bulk and Trade Inquiry
Contact: 9837031662
info@btcil.com

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्रों को भी अब आईआईटी जैसा ऑफर

चेतन को गूगल से 1.25 करोड़ का पैकेज

सीमा शर्मा

शानदार सफलता

- विश्वविद्यालय में जश्न का माहौल, कैंपस प्लेसमेंट में टूटा रिकार्ड, चेतन के माता-पिता डीयू में हैं प्रोफेसर

एक्सक्लूसिव अमर उजाला

नई दिल्ली। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डेल्ही टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी) में कैंपस प्लेसमेंट में पिछले सारे रिकार्ड टूट गए। आईटी के छात्र चेतन कक्कड़ को गूगल कैलिफोर्निया ने 1.25 करोड़ रुपये सालाना वेतन का ऑफर दिया है। इसके बाद से डीटीयू में जश्न का माहौल है, क्योंकि अभी तक आईआईटी के छात्रों को ऐसा पैकेज मिलता रहा है। इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय के इतिहास में गूगल का यह सबसे बड़ा प्लेसमेंट है।

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीटेक प्रोग्राम के आईटी फाइनल के छात्र चेतन कक्कड़ को गूगल ने यह प्री प्लेसमेंट ऑफर दिया है। चेतन ने विशेष बातचीत में बताया कि जून-जुलाई में गर्मियों की छुट्टियों के दौरान गूगल में इंटर्नशिप के लिए गए थे। उसी के बाद पिछले दिनों गूगल ने उन्हें प्री प्लेसमेंट ऑफर किया। इंटर्नशिप के दौरान योग्यता के आधार पर चेतन का चयन किया गया।

परिवार के साथ दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छात्र चेतन कक्कड़।

चेतन अपने परिवार में इकलौती संतान हैं। उनके माता-पिता दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। मम्मी प्रो.रीता कक्कड़ केमिस्ट्री डिपार्टमेंट में हैं। जबकि पापा डॉ. सुभाष कक्कड़ मैनेजमेंट कोर्स में विशेषज्ञ हैं। वे डीयू कैंपस में ही रहते हैं। चेतन ने बताया कि डीटीयू में अभी तक मेडिकल में सेवाएं देने वाली अमेरिका की कंपनी ने सबसे अधिक 93 लाख रुपये सालाना पैकेज दिया था। हालांकि गूगल अभी कई अन्य छात्रों के भी संपर्क में है, जिन्हें आगे ऑफर लेटर मिल सकता है।

बचपन से कंप्यूटर से था लगाव

चेतन ने बताया कि उन्होंने पूसा रोड स्थित स्प्रिंगडेल्स स्कूल से पढ़ाई की है। बचपन में अन्य बच्चों की बजाय चेतन को कंप्यूटर से लगाव था। इंग्लिश गाने सुनने के अलावा वह प्रोग्रामिंग करने में बिजी रहते थे। कंप्यूटर व प्रोग्रामिंग के जुनून ने उन्हें गूगल कैलिफोर्निया का हिस्सा बना दिया।

डंपर से कुचल कर युवती की मौत, बवाल

काशीपुर(ब्यूरो)। नौकरी पर जाने के लिए स्टाफ बस का इंतजार कर रही युवती को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने डंपर में तोड़फोड़ कर आग लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालते हुए चालक को हिरासत में ले लिया। भीड़ ने चालक को पुलिस से खींचने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। इस दौरान पुलिस जीप पर पथराव भी किया गया। इसके बाद लोगों ने मौके पर जाम लगा दिया। लोगों का आरोप था कि अवैध वसूली के लिए डंपर के पीछे बाइक सवार दो पुलिस कर्मी लगे थे, भागने के चक्कर में ही हादसा हुआ। हादसा होने पर पुलिसकर्मी लौट गए। सीओ ने लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। मुकदमा दर्ज कर ...शेष पेज 14

- गुस्साए लोगों ने डंपर में की तोड़फोड़, आग लगाने की कोशिश
- पुलिस के कब्जे से चालक को खींचने का प्रयास, जीप पर पथराव